जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-28 | जयपुर, सोमवार, 22 जुलाई, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राज्य स्तरीय यशस्वी सरपंच सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 20 सरपंचों को किया सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरपंच शासन की सबसे छोटी किंतु सबसे महत्वपूर्ण इकाई होता है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सरपंच ही धरातल पर उतारता हैं।

सरपंच पूरे गांव का प्रतिनिधि होता है इसलिए उसे भेदभाव किए बिना दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ गांव के विकास के लिए कार्य कराने चाहिए।




शर्मा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में यशस्वी सरपंच राज्य स्तरीय सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गांवों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले 20 सरपंचों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरपंचों को अपनी ग्राम पंचायतों के आय के स्रोत बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए जिससे वे केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली निधि के अलावा अपने स्तर पर भी विकास कार्य करवा सकें। गांवों में पानी, सड़क, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो गांवों से पलायन को रोका जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पंचायतीराज का ढांचा बहुत विस्तृत और सुदृढ़ है। राज्य में 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। हमारी सरकार पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत करने तथा गांवों के सर्वांगीण विकास पर पूरा जोर दे रही है।



## पंडित रविंद्र आचार्य का हुआ कोटा में भव्य सम्मान

**कोटा (हमारा वतन)।** कोटा प्रवास के दौरान तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का कोटा में भव्य सम्मान हुआ। कोटा स्थित भारत विकास परिषद क्षेत्रीय सचिव और अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री कृष्ण पाठक ने माला पहनाकर ,दुपट्टा पहनाकर , शाल ओढ़ाकर सम्मान किया ।

पंडित रविन्द्राचार्य ने बाबा श्याम की कृपा बनी रहने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान यज्ञाचार्य हरिओम महाराज, शिवांग पाठक, पंडित राहुल दाधीच सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## अंकित खंडेलवाल वाराणसी में वॉइस ऑफ़ इंडिया अवार्ड से हुए सम्मानित

**वाराणसी (हमारा वतन)।** विश्व प्रसिद्ध वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में खंडेलवाल समाज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में देश भर से हज़ारों लोगों ने हिस्सा लिया । खंडेलवाल समाज के राष्टीय अध्यक्ष रमेश तूँगा वालों ने बताया कि देश के जाने माने, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एंकर अंकित खंडेलवाल को वॉइस ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें एंकरिंग और इवेंट्स के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां हासिल करने के लिए राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल द्वारा दिया गया।

कार्यकारी संयोजक प्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि अंकित ने इस अवार्ड के लिए समाज के सभी प्रबुद्धजनों और समस्त कार्यकारिणी सदस्य का आभार व्यक्त किया। अंकित खंडेलवाल राष्टीय और अंतरराष्टीय मंचों पर बड़े राजनेताओं और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के साथ एंकरिंग कर चुके हैं और देश के एकमात्र एंकर हैं जिनके नाम दो वर्ल्ड रिकॉर्ड है और मलेशिया, सिंगापुर, केन्या, नेपाल, भारत और भी कई देशों में 2700 से ज़्यादा इवेंट्स को होस्ट कर चुके हैं।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले ई-मित्र एवं आधार केन्द्रों पर कार्रवाई के लिए प्रदेश भर में चलेगा सघन अभियान

**जयपुर (हमारा वतन)।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विधानसभा में आश्वस्त किया कि प्रदेश भर में सघन अभियान चलाकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले आधार केंद्रों एवं ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रदेश में संचालित सभी ई-मित्रों और आधार केन्द्रों की जांच की जाएगी तथा आधार मशीनों की वार्षिक रिपोर्ट मंगाकर उनका भी परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ई-मित्र संचालकों द्वारा निःशुल्क सेवाओं तथा सशुल्क सेवाओं की राशि की जानकारी केन्द्र के बाहर लिखा जाना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि आमजन से सेवाओं का अधिक शुल्क नहीं वसूला जा सके। संसदीय कार्य मंत्री रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी द्वारा इस संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाये गए मामले पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों में संचालित अधिकृत

राजस्थान सरकार
e-mitra
ई-मित्र


आधार केंद्रों द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ बेहद गंभीर मामला है। राज्य सरकार द्वारा ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 21 जून, 2024 को फर्जी दस्तावेजों एवं बायोमेट्रिक का उपयोग कर फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने की खबर प्रकाशित होने पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली से आधार कार्ड के संबंध में जांच करवाई गई।

पटेल ने बताया कि सांचौर जिले में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले ई -मित्र संचालकों के विरुद्ध 2 प्रकरण दर्ज किये गए। इनमें से एक प्रकरण में जांच के दौरान आधार कार्ड का नामांकन रजिस्ट्रार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधीन कार्यरत ऑपरेटर कन्हैयालाल की आई डी से होना पाया गया। प्रकरण में संलिप्त ई -मित्र एवं आधार संचालकों के खिलाफ 21 जून 2024 को पुलिस थाना सरवाना, जिला सांचौर में पुलिस प्राथमिकी संख्या-63 दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गई।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा तकनीकी स्तर से की गई जांच के बाद 14 आधार ऑपरेटर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रजिस्ट्रार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा इन आधार ऑपरेटर्स की आधार मशीनों को डी-रजिस्टर कर बंद कर दिया गया है एवं प्राधिकरण के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## प्रेरणाः दादा-पोते ने एक साथ प्रथम श्रेणी से पास की परीक्षा

**जयपुर (हमारा वतन)।** कहते हैं ना कि मन में सच्ची लगन हो तो उम्र कोई मायने नहीं रखती ! इसी को चरितार्थ कर दिखाया है। 77 वर्ष के आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने जिन्होंने अपने पौत्र के साथ प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण कर आज के युवाओं को संदेश दिया है की सीखने की कोई उम्र नहीं होती, हम जीवन पर्यंत सीखते रहते हैं। जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए।



जानकारी के लिए आपको बता दें कि जयपुर शहर निवासी 77 वर्षीय आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया और 17 वर्षीय उनके पौत्र खुमान पाटोदिया ने भातखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ की गायन परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है।

आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया का गायन में विशारद प्रथम वर्ष और खुमान पटोदिया का निपुण के प्रथम वर्ष का परिणाम जारी हुआ है।

गौरतलब है कि आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया गायन के साथ कथक की भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसका परिणाम भी जल्दी आने वाला है ।इनके बच्चे डॉक्टर बनकर मीरा हॉस्पिटल में सेवाएं दे रहे हैं ।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में पात्रता का निर्णय केन्द्र द्वारा किया जाता है : गोदारा

जयपुर(नि.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन की पात्रता का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा लिया जाता है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।



इससे पहले विधायक श्रीचन्द कृपलानी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस के कनेक्शन, ऐसी गरीब महिलायें जो उज्ज्वला कनेक्शन की पात्रता को पूरी करती हैं, को ही दिया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में जारी पात्रता एवं मापदण्डों की प्रति सदन के पटल पर रखी।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में मनाया हरेला पर्व महोत्सव




**उत्तराखण्ड (हमारा वतन)।** हरेला कार्यक्रम के संयोजक अशोकपाल सिंह शिक्षक-पर्यावरण-मित्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हरेला पर्व उत्तराखण्ड के कुमाँऊ क्षेत्र में हर साल 16 जुलाई को मनाया जाता है। पूर्व मुख्यमन्त्री हरीश रावत द्वारा सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हरेला मनाया जाने को घोषणा की थी । तब से पूरे उत्तराखण्ड मे मनाया जाता है।

हरेला शान्ति, समृद्धि हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का त्यौहार है। यह भगवान शिव और पार्वती के विवाह के धार्मिक उत्सव के साथ मेला का सम्बन्ध है। सावन लगने से नौ दिन पहले आषाढ में फसल को बोया जाता है और दसवें दिन श्रावण के पहले दिन काटा जाता है।

हरेला - शब्द का अर्थ हरियाली से है । हरेला पर्व प्रकृति के निकट और उसके प्रति सम्मान प्रकट करने का का पर्व है।उत्तराखण्ड में यह पर्व एक कृषि के रूप में भी मनाया जाता है।

पाँच या सात प्रकार के बीज बोएँ जाते हैं। हरेला पर्व पर बुजुर्ग व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिक का सम्मान किया जाता है। इस अवसर पर 50 पौधे ग्रामीणों को वितरण किये गये। दस पौधे विद्यालय परिसर में रोपे गये। कक्षा दस की छात्रा खुशी एवं निकिता ने दस दिन पूर्व हरेला बोया जो आज काटा गया। हरेला त्यौहार के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर सुधीर सैनी, डॉ.कमल कान्त बरुआ, इसराना, जीतिन शर्मा, दीपक, शिवा, दानिश, आकिफ, अरमान, कहकशा, सोनाक्षी, मानसी, वंश, डॉ.नीटू, रोहिनी, पिंकी ने वृक्षा रोपण कार्यक्रम में सहयोग दिया।

इस अवसर पर छात्तो को पकवान, फल वितरण किया गया, हरे पत्तो पर भोजन कराया गया ।

# सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग में साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सोसाइटी थीम पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

**जयपुर (हमारा वतन)।** सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग में साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सोसाइटी थीम पर साइंस मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में करीबन 170 मॉडल प्रदर्शित किए गए। मॉडल प्रदर्शनी को देखने के लिए अन्य स्कूलों ने भी विजिट किया। प्रदर्शनी में प्राइमरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया।

प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्देश्य यही था कि कैसे बच्चों में अवेयरनेस लायें और विद्यार्थी किस तरह से सॉल्यूशन की तरह बढ़ें और कैसे ह्यूमन सोसाइटी के बारे में भी सोचे और उसके साथ-साथ उसके सॉल्यूशंस के बारे में भी सोचे कि किस तरह की चीजों को करने से क्या तो नुकसान हो सकता है ?और किस तरह से नए आइडिया को ला सकते हैं । जिओ साइंसेज और कॉमर्स ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज विषय पर विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही अद्भुत मॉडल प्रदर्शित किये गये। मॉडल्स साइंस, मैथमेटिक्स, जिओ साइंस फिजिक्स इन डे टूडे लाइफ, ज्योग्राफी, लैंग्वेज सभी से रिलेटेड मॉडल प्रदर्शित किए गए।



# आकाश कॉन्वेंट स्कूल के छात्र रोहित पारीक ने जीता कांस्य पदक

**जयपुर (हमारा वतन)।** आकाश कॉन्वेंट स्कूल के छात्र रोहित पारीक पुत्र मुकेश कुमार पारीक निवासी महार कला ने पैरा ओलंपिक नेशनल जूनियर एवं सब जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप बेंगलुरु, कर्नाटक में 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है।

बेंगलुरु में 15 से 17 जुलाई को यह प्रतियोगिता श्री कांतिराव स्टेडियम में आयोजित हुई थी। रोहित इसके लिए लगातार अपने कोच राजेंद्र, दीपक बागड़ी, मोहनलाल, ऐश्वर्या शर्मा एवं सुमन के सानिध्य में कड़ी मेहनत करता था।

विद्यालय के निदेशक मामराज चौधरी, प्रिंसिपल अर्जुन सिंह एवं समस्त स्टाफ ने रोहित का भव्य स्वागत किया। संस्था निदेशक ने बताया कि आगे भी रोहित को लगातार मेहनत करवाते रहेंगे एवं इसको सफलता के शीर्ष तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। रोहित के पिता मुकेश पारीक ने सभी का मुंह मीठा करवाकर आभार व्यक्त किया।

# एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा को एनटीटी संघर्ष समिति ने एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।एनटीटी संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में एनटीटी भर्ती 2018 में 1350 पदों पर भर्ती निकली गई थी उसमें 1040 नॉन टीएसपी 310 टीसपी पदों पर भर्ती की जनि थी जो अभी शिक्षा विभाग में प्रक्रियाधीन होकर छः साल से लंबित है।



इस भर्ती में अब तक 924 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी हैं। शेष पदों को भरने के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 9 से 12 जुलाई तक किया गया। इसका फाइनल परिणाम जल्द जारी हो। अगली सूची में एमबीसी के रिक्त पदों व जिन्होंने अभी तक ज्वाइन नहीं किया,उन पदों को अगली सूची में जोड़कर परिणाम जारी किया जाए ।

**राजस्थान में एनटीटी कोर्स 2010 से पूर्ण रूप से बंद है -**

एनटीटी भर्ती में टीएसपी के पद 2012 से खाली चले आ रहे हैं और आगे भविष्य में कोई टीएसपी का अभ्यर्थी मौजूद नहीं होने के कारण इन पदों को नान टीएसपी से भरने की मांग की गई ।




# जागृति संस्थान विराटनगर ने जरूरतमंद परिवारों को वितरित किया गेहूं और दाल

**विराटनगर (हमारा वतन)।** जागृति संस्थान विराटनगर द्वारा ग्राम जयसिंहपुरा के जलेबी चौक में घुमंतु अर्ध घुमंतु के 25 परिवार व घाटा में 11 परिवारों को गेहूं और दाल का का जेडीएफ के सहयोग से वितरण किया गया। जागृति संस्थान के सचिव मालीराम सैनी ने बताया कि गरीब परिवारों का पोषण का स्तर सुधारने के लिए जेडीएफ द्वारा गरीब परिवारों को निशुल्क राशन वितरण भारत में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें यहां पर जागृति संस्थान को 71 परिवारों को राशन सामग्री और उनके 6 माह से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित दूध, बिस्कुट पोषण स्तर सुधारने के लिए दिया जा रहा है । जागृति संस्थान के सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मिटावा ने बताया की पोषण का स्तर सुधारने से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

इस दौरान जागृति संस्थान के उदित सैनी, विक्रम सिंह, तरुण सोनी, अक्षय शर्मा, जगविंदर यादव और माया देवी, पिंकी देवी, लीला देवी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# पीएचसी स्वीकृति पर पूर्व विधायक का ग्रामीणों ने जताया आभार

**चौमूं (हमारा वतन)।** पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अनंतपुरा (जैतपुरा) में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी स्वीकृति करवाने पर ग्रामवासियों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। राज्य सरकार के परिवर्तित बजट में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की गई है, नवीन पीएचसी से ग्रामवासियों को स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा।



हाल ही में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर नवीन पीएचसी खोलने की माँग की थी। इस अवसर पर भाजपा बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम पंचोली, अनंतपुरा सहकारी समिति अध्यक्ष भैरू राम बलेसरा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव,जेतपुरा सरपंच सुरेश गुलिया, नान्छी लाल शर्मा भारतीय जनता पार्टी बांसा मंडल, मुरारी खांडल, रमेश पंचोली, रामस्वरूप बलेसरा, गोपाल लाल जाट, गोविंद राम बलेसरा, नाथूराम कोटोल्या, बुथ अध्यक्ष सुभाष सेगड़ा, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता रामबाबू शर्मा, मनीष शर्मा, रामलाल प्रजापत, बनवारी पंचोली, संजय पंचोली, सोहनलाल शर्मा, बलदेव शर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## जॉब्स -

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद एमटीएस हवलदार, पद संख्या 8326, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
2. भारतीय डाक विभाग, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 44228, अंतिम तिथि 5 अगस्त 2024
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद डिप्टी जेलर, पद संख्या 73, अंतिम तिथि 6 अगस्त 2020
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जियोलॉजिस्ट असिस्टेंट, माइनिंग इंजीनियर, पद संख्या 56, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2024
5. इंडियन बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
6. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जिला जज, पद संख्या 95, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2020
7. इफको, पद ग्रैजुएट इंजीनियर अप्रेंटिस, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
8. यूपीएसएसएससी, पद बीसीजी टेक्नीशियन, पद संख्या 255, अंतिम तिथि 7 अगस्त 2024




# ऐश्वर्या राय संग अनबन के बीच वायरल हुआ अभिषेक बच्चन का ये ट्वीट, कहा था- उसे मेरी परमिशन की जरूरत नहीं है तब जब...

हाल ही में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अभिषेक और ऐश्वर्या अलग-अलग पहुंचे। उसके बाद अभिषेक का तलाक के पोस्ट को लाइक करना फैंस के काफी हैरान करने वाला है। ऐसे में अब अभिषेक का एक पुराना ट्वीट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने ऐश्वर्या के बारे में अपने दिल की बात कही थी। बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन इन दिनों अपनी मैरिड लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में बने हुए हैं। बीते दिनों अभिषेक बच्चन तलाक का एक पोस्ट लाइक करने की वजह से खबरों में बने हुए हैं। हाल ही में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अभिषेक और ऐश्वर्या अलग-अलग पहुंचे। उसके बाद अभिषेक का तलाक के पोस्ट को लाइक करना फैंस के काफी हैरान करने वाला है। ये सारी चीजों को लेकर अब उनके रिश्ते को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में अब अभिषेक का एक पुराना ट्वीट वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में अभिषेक ने ऐश्वर्या के बारे में अपने दिल की बात लिखी थी।



**ऐश्वर्या के बारे में अभिषेक ने शेयर किया था पोस्ट-**

दरअसल, अभिषेक ने पोन्नियिन सेलवन 2 को अपना रिव्यू सोशल मीडिया पर साझा किया था, जिसमें ऐश्वर्या ने पझुवूर की रानी नंदिनी की भूमिका निभाई थी। अभिषेक के ट्वीट में लिखा था, "PSw बस शानदार है!!! अभी शब्द नहीं हैं। बहुत अभिभूत हूं। पूरी टीम @ManiRatnam @chiyaan, @trishtrashers, @actor_jayamravi, @Karthi_Offl और बाकी कलाकारों और क्रु को बधाई। श्रीमती पर बहुत गर्व है। अब तक का ऐश्वर्या राय बच्चन का सर्वश्रेष्ठ।

**फैन ने अभिषेक पर की थी टिप्पणी-**अभिषेक बच्चन के इस ट्वीट पर एक फैन ने उन पर तंज कसते हुए लिखा था, जैसा कि आपको करना चाहिए! अब उसे और फिल्में साइन करने दें और आप आराध्या का ख्याल रखें। भला अभिषेक चुप कैसे रहते उन्होंने फटाक से उसको जवाब देते हुए लिखा, उसे साइन करने दें सर, उसे निश्चित रूप से कुछ भी करने के लिए मेरी परमिशन की जरूरत नहीं है।

# भूमि पेडनेकर को बर्थडे पर मिला खास तोहफा,एक्ट्रेस के निकले आंसू

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपना जन्मदिन मनाया। भूमि ने अपने जन्मदिन के जश्न की शुरुआत अपनी आनेवाली सीरीज दलदल के सेट पर की। इसके बाद, भूमि पेडनेकर अपने घर पहुंचीं। यहां उनका स्वागत एक खास तोहफे के साथ हुआ। अपना बर्थडे सरप्राइज देखकर भूमि पेडनेकर बेहद इमोशनल हो गईं। बर्थडे पर मिला खास तोहफा देखकर भूमि पेडनेकर के आंसू छलक गए। दम लगाके हईशा एक्ट्रेस ने इसका वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।



**दलदल के सेट पर सेलिब्रेट हुआ बर्थडे-**भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी आनेवाली वेब सीरीज दलदल की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दलदल के सेट पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीर शेयर की है। उसके बाद, उन्होंने घर पर मिले सरप्राइज की वीडियो शेयर की है।

**बर्थडे पर भावुक हुई भूमि पेडनेकर-**भूमि पेडनेकर जब घर पहुंचीं तो उन्हें एक दीवार पर उनकी तस्वीरें लगी थीं जिसमें उनकी बॉलीवुड जर्नी दिखाई गई है। ऐसा खास सरप्राइज देखकर भूमि पेडनेकर बेहद भावुक हो गईं और उनके आंसू निकल पड़े। वीडियो शेयर करते हुए भूमि पेडनेकर ने लिखा कि और फिर घरपर इतना स्वीट सरप्राइज मिला। उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा- खुशी के आंसू।

**भूमि पेडनेकर के निकले आंसू-**साल 2015 में भूमि पेडनेकर ने की थी एक्टिंग करियर की शुरुआत बता दें, भूमि पेडनेकर ने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म दम लगाके हईशा से की थी। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर के साथ आयुष्मान खुराना नजर आए थे। फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी।







# टेक्स्ट नेक की समस्या से परेशान

## तो ये एक्सरसाइज दे सकती हैं आपको राहत

मोबाइल या लैपटॉप पर लगातार काम करने के कारण गर्दन में दर्द के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो ये एक्सरसाइज जरूर करें। टेक्स्ट नेक वह पेन है जो हर समय गर्दन में रहता है। टेक्स्ट नेक की समस्या में गर्दन थोड़ी आगे की ओर झुकी हुई हो जाती है जिसकी वजह से पीछे की तरफ रीढ़ की हड्डी में उधार हो जाता है। टेक्स्ट नेक में बैक बोन स्ट्रक्चर में बदलाव के कारण गर्दन, सिर, पीठ व कंधों में हर समय दर्द रहता है। इस कारण मांसपेशियों में जकड़न भी हो जाती हैं। इससे निजात पाने का सबसे अच्छा उपाय है व्यायाम। जानते हैं उन एक्सरसाइज के बारे में जो गर्दन की इस दर्दनाक समस्या से निजात दिला सकती हैं।



**महामारी के समय में बढ़ गई है यह समस्या-** इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ हरप्रीत सिंह के अनुसार इस महामारी के दौर में यह समस्या बढ़ी है, क्योंकि अधिकांश लोगों का काम ऑनलाइन और पूरे दिन का शेड्यूल फोन या लैपटॉप के साथ बीतता है।जिसके कारण गर्दन में दर्द होने लगता है। जिसे हम टेक्स्ट नेक के नाम से जानते हैं। अगर आप कुछ एक्सरसाइज को अपने रूटीन में शामिल करती हैं तो इस दर्द से आपको राहत मिल सकती है।

**1 डाउनवार्ड फेसिंग डॉग-**यह एक्सरसाइज चेस्ट वॉल और कंधों को थोड़ा ओपन करने में लाभदायक मानी जाती है। यह आसन आपकी अपर बॉडी की स्ट्रेंथ के लिए ही है। इसे करने के लिए आपको अपने हाथ और पैरों को जमीन पर ले आना है।अपने पैरों को टक करें और हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं, ताकि आपकी हिप्स बोन छत की ओर जा सके। अब अपनी हील को मैट की ओर लेकर आएं, अपने सिर को नीचे की ओर ले कर जाएं, अपनी कलाइयों पर अधिक प्रेशर न पड़ने दें। इसी अवस्था में कुछ लंबी लंबी सांसे ले।

**2 कैट कॉउ पोज-**इस पोज के कारण आपका पेल्विस थोड़ा टिल्ट हो जाता है। इसको करने के लिए आपको अपने चारों पैरों और हाथों को जमीन पर लाना है और शुरुआत में अपने पेट को अंदर की ओर सांस लेते हुए अंदर खींच ले ताकि आप जिस अवस्था में थी उससे थोड़ी सी छत की ओर जा सकें और इसके कुछ क्षणों बाद आपको वापिस से शुरुआत की अवस्था में आ जाना है।

**3 चिन टक-**यह एक बहुत सी आसान सी और सिंपल एक्सरसाइज है जो आप कहीं पर भी बैठ कर कर सकती हैं। इसे आप अपने काम करते समय भी कर सकती हैं।

# कुरकुरी चिप्स मेकिंग में ऐसे बना सकते हैं करियर

कुरकुरे और चटपटे चिप्स छोटे-बड़े सभी लोग चाव से खाते हैं क्योंकि इनका स्वाद ही लाजवाब होता है। बाजार में ऐसे चिप्स आजकल कई किस्मों में उपलब्ध हैं, जैसे मसाला चिप्स, टोमैटो चिप्स, सॉल्टेड चिप्स, क्रीम एंड अनियन चिप्स आदि। हालांकि घरों में आलू के चिप्स वर्षों से बनते रहे हैं, जिन्हें सुखाकर रख लिया जाता है और फिर जब जरूरत होती है, तब इन्हें तल लिया जाता है। मगर बाजारों में बिकने वाले रेडी-टू-ईट चिप्स की बात ही कुछ और होती है। एक तो इनका कलर देखने में बड़ा अच्छा लगता है और दूसरे, ये खाने में भी क्रिस्पी और टेस्टी होते हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में चिप्स मैन्युफैक्चरिंग का कारोबार देश में तेजी से बढ़ा है। यह ऐसा खाद्य पदार्थ है, जो शहरों में तो पसंद किया ही जाता है, गांव-कस्बों में भी इसका खूब सेवन किया जाता है।




**करोड़ों का कारोबार:** भारत अभी विश्व का तीसरा सबसे बड़ा आलू उत्पादक देश है। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश में आलू की सबसे अधिक पैदावार होती है। आलू का इस्तेमाल सब्जियों में तो होता ही है, इसकी प्रोसेसिंग करके इन दिनों कई तरह के वैल्यू एडेड उत्पाद बनाए जा रहे हैं, जैसे चिप्स, पापड़, पैलेट्स, भुजिया, फ्रैंच फ्राइज, आटा, स्टार्च आदि। स्नैक्स के तौर पर चिप्स का उत्पादन आज करोड़ों का कारोबार है। तमाम कंपनियों के रेडी-टू-ईट चिप्स बाजारों में बिक रहे हैं। आलू का बना आटा भी कई चीजों में इस्तेमाल किया जा रहा है, जैसे कि भुजिया। बेकरी प्रोडक्ट्स बनाने में भी इसका उपयोग किया जा रहा है।

**पूंजी तथा मशीनरी:** चिप्स बनाने के काम आप ऑटोमैटिक मशीन और मैनुअल मशीन दोनों तरह से कर सकते हैं। अगर ऑटोमैटिक मशीनों से चिप्स का उत्पादन करना चाहते हैं, तो इसके लिए डेढ़ से दो करोड़ की पूंजी चाहिए। कारण यह कि इसमें सारा काम मशीनों से ही होता है। मशीनें ही आलू छीलती हैं, उन्हें धोती और चिप्स नुमा टुकड़ों में काटती हैं।फ्राई करने और इनमें मसाले मिलाने जैसे काम भी मशीनें ही करती हैं। इसलिए इसमें कई तरह की मशीनें इस्तेमाल होती हैं, जैसे पीलर मशीन, वॉशर, कटिंग मशीन, स्ला इ स र , फ्राइंग मशीन, पैकेजिंग मशीन आदि। वहीं, अगर आप मैन्युअल मशीनों पर यह काम करना चाहते हैं, तो 25 से 30 लाख की कुल पूंजी चाहिए।

# आपकी आदतें ही हैं डैंड्रफ का कारण

कई सारी समस्याएं हैं जिनके कारण हम अपने जींस में या अपनी पारिवारिक विरासत में ढूंढते हैं। बालों के जल्दी सफेद होने से लेकर, नाक में नुक्स और एंग्जाइटी तक। हां, लेकिन डैंड्रफ के लिए आप अपने जींस को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते हैं। तो फिर डैंड्रफ के लिए क्या जिम्मेदार है? कहा जा सकता है कि इसके लिए आप खुद ही दोषी हैं। सिर की त्वचा पर जमी उस सफेद पर्त के लिए आपकी अपने ग्रुमिंग हैबिट ही सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। अब जबकि हम कारण ढूंढ लेंगे तो जाहिर है समाधान भी होगा ही। कुछ ऐसी आदतें जो डैंड्रफ के लिए जिम्मेदार हैं, उन पर गौर करें।



**रोज शैंपू करना:** स्कैल्प की साफ-सफाई डैंड्रफ के बचाव का सबसे कारगर तरीका है, लेकिन शैंपू के उपयोग को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे हर दिन शैंपू का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। शैंपू का काम अतिरिक्त तेल और मैल को सिर की त्वचा से साफ करना है, ताकि स्कैल्प साफ और स्वच्छ रह सके। तो सादे पानी से भी तेल और चिकनाई तो साफ की जा सकती है। इसलिए हर दिन शैंपू करने की बजाए हर दूसरे या तीसरे दिन करना चाहिए।हर दिन शैंपू करने से आपके सिर की स्किन रूखी हो सकती है।बाल गिरने की समस्या में भी इजाफा हो सकता है। इसके ठीक दूसरी तरफ यदि आप अपने बालों में ठीक-ठाक शैंपू नहीं करते हैं तो स्कैल्प के रोमछिद्र बंद हो जाएंगे और पोषण सिर में नहीं पहुंच पाएगा। तेल और मैल दोनों की वजह से फिर से बालों की सेहत खराब हो सकती है। कब और कितन दिनों में बालों में शैंपू करना चाहिए यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। असल में इसका कोई एक जवाब नहीं है। यदि आपके बाल तैलिय हैं तो हर दूसरे दिन और रूखे हैं तो हर तीसरे दिन बालों में शैंपू कर सकते हैं। यह निर्भर करता है कि आपके बाल की प्रकृति कैसी है।

**एसपीएफ की उपेक्षा:** हममें से ज्यादातर यह बात नहीं समझते हैं कि सिर की त्वचा भी ठीक वैसी ही है, जैसी आपके शरीर में दूसरी जगह की। उसे भी उतने ही रखरखाव की आवश्यकता है, जितने कि आपके शरीर की त्वचा को है। तो जिस तरह से आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं, उसी तरह अपने सिर की त्वचा के लिए भी एसपीएफ पैक्ड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

डाक पंजीयन संख्या : RJ/JPM/158/2024-26
(DAVP-Code No.- 120390) RNI No. 10311/1965
हमारा वतन
जयपुर, सोमवार, 22 जुलाई, 2024

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# आतंकियों को दिया केंद्र सरकार ने कानूनी संदेश

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकी जिस तरह से पुनः सिर उठाते दिखाई पड़े, उसके मुताल्लिक केंद्र सरकार ने बिल्कुल सटीक उपाय किये और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली जैसी शक्तियों से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को भी लैस कर दिया। इससे साफ है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से सिर उठा रहे आतंकियों को केंद्र सरकार ने सख्त कानूनी संदेश दिया है कि चाहे जितना उधम मचा लो, पर कानून के शिकंजे से बच नहीं पाओगे।केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चुनाव बाद भी तुम्हारे पॉलिटिकल बॉस किसी काम नहीं आएंगे! लिहाजा, इसके सियासी और प्रशासनिक दोनों मायने निकाले जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक दलों को तो मानो मिर्ची लग चुकी है। ऐसे में यह समझ में नहीं आता कि जब इसी साल सितंबर के अंत तक वहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं तो फिर आतंकी वारदातें एकाएक बढ़ क्यों गईं? घाटी तो छोड़िए जम्मू में आतंकियों को स्थानीय समर्थन कैसे संभव हो गया, जैसा कि पुलिस खुलासा कर चुकी है? ऐसा प्रतीत होता है कि आतंकी वारदातों के पीछे कहीं न कहीं किसी सफेदपोश नेता और उनके शातिर कार्यकर्ताओं की प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका होगी ही! बस, इस नजरिए से पुलिस जांच तेज करने की जरूरत है। जैसे अभी स्लीपर सेल वाले पकड़े जा रहे हैं, उसी तरह से ये सफेदपोश भी नहीं बचेंगे। कहना न होगा कि जिस तरह से जम्मू-कश्मीर की धरती सैनिकों और आम आदमी के खून से लाल की जा रही है, उसके परिप्रेक्ष्य में देशद्रोही ताकतों की शिनाख्त और सख्त सजा दोनों की दरकार है। उम्मीद है कि उपराज्यपाल की बढ़ी शक्तियों से आतंकियों के नापाक मंसूबों को चकनाचूर किया जा सकेगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) जैसी शक्तियां बढ़ाने वाली धाराएं जोड़ी हैं, जिसके बाद तबादले-पोस्टिंग में अब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) की मंजूरी जरूरी हो चुकी है। इस केंद्र शासित प्रदेश में पुलिस व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) जैसी अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की तैनाती व तबादले एलजी की मंजूरी के बिना नहीं हो सकेंगे। क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 12 जुलाई 2024 शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों की अधिसूचना जारी की, जिसमें एलजी को और अधिक शक्तियां प्रदान की गई हैं।वहीं, उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से जुड़े मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति पर भी फैसले कर सकेंगे। इस बारे में गृह मंत्रालय ने कहा कि पुनर्गठन अधिनियम में इन प्रावधानों का जिक्र पहले से ही है। फिलवक्त रोजमर्रा के कामकाज में और स्पष्टता के लिए नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। पुनर्गठन अधिनियम में कोई संशोधन नहीं किया गया है। केंद्र के इस फैसले के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि राज्य में सरकार किसी की बने, अहम फैसले लेने की शक्तियां एलजी के पास ही रहेंगी। हालांकि, केंद्र के इस फैसले से जम्मू-कश्मीर में भी दिल्ली जैसे हालात पैदा हो सकते हैं, जहां सरकार और एलजी के बीच टकराव की स्थिति बनी रहती है। बहरहाल राज्य में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिन्हा एलजी हैं। इसलिए उनसे टकराव की नौबत कम ही आएगी। उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम (2019) संसद में पारित किया गया था। इसमें जम्मू और कश्मीर को दो भागों में बांटकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया।


राम गोपाल सैनी

# पर्यावरण संरक्षण का द्योतक है हरेला पर्व : वृक्षमित्र सोनी

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला पर मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत रायपुर बालाजी मंदिर के समीप डांडी में पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के सौजन्य से पौधारोपण किया गया जिसमें आंवला, नींबू, अमरूद के पौधे लगाए गए। सर्वप्रथम पौधों की पूजा अर्चना की गई और हरेला पर पौधारोपण के लिए जागरूक कार्यक्रम भी किया गया। डॉ. सोनी ने कहा हमारे पूर्वज अनपढ़ होते हुए बहुत जानकर थे उन्हें आभाष था कि आनेवाला समय पर्यावरण की दृष्टि से बहुत कष्टदायी होगा जिसका दुष्प्रभाव हमारे आनेवाली पीढ़ी को झेलना होगा। इसलिए उन्होंने पेड़ पौधों



के संरक्षण के लिए हरेला त्यौहार से जोड़ा ताकि पेड़ पौधों का संरक्षण हो सके।

कार्यक्रम में किरन सोनी, ऊषा राणा, समीक्षा राणा, शिवानी राणा, गिरीशा राणा, राजेन्द्र सिंह राणा, सुधीर राणा, सुधीर कुमार थापा आदि लोग उपस्थित रहे ।



# डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने चित्तौड़ा को दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र

**उदयपुर ( हमारा वतन)।** नगर के सूक्ष्म पुस्तिका व कृतियों के शिल्पकार चन्द्र प्रकाश चित्तौड़ा को सबसे छोटी पतंग (एक गुणा एक मिली मीटर) बनाने पर जयपुर में प्रदत इनफ्ल्यूसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र एवं मेडल को राजमहल मे आयोजित समारोह मे महाराज कुंवर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उन्हें प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने मेगनीफाइन ग्लास से पतंग को देखा और सराहा।

इस अवसर पर फैडरेशन ऑफ एनजीओ के प्रदेश महामंत्री कुंवर विजय सिंह कच्छवाहा श्री मेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान के विधि सोनी भक्ति शक्ति संस्कृति चैनल के गोविन्द लाल ओड उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को उपरना पहनाकर स्वागत कर उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### पश्चिमी राजस्थान नहर परियोजना की प्रारम्भिक रिपोर्ट का अध्ययन कर विस्तृत डीपीआर बनाएंगे : रावत

जयपुर(नि.सं.)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विधानसभा में कहा कि माही नदी को लूणी नदी से जोड़ने वाली पश्चिमी राजस्थान नहर परियोजना की डीपीआर की प्रारम्भिक रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट का तकनीकी अध्ययन कर विस्तृत डीपीआर बनाई जाएगी। जल संसाधन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में बरसात एवं बाढ़ के व्यर्थ बह जाने वाले पानी के सदुपयोग हेतु दीर्घगामी योजना बनाकर 'Runoff Water Grid' स्थापित करने की घोषणा की गई है। इसके तहत 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

योजना में माही बेसिन की माही व सोम नदी के मानसून अवधि के अधिशेष जल को, जयसमंद बांध सहित अन्य बांधों को भरते हुए लूणी बेसिन के जवाई बांध तक लाने संबंधी कार्य किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस घोषणा से उदयपुर, सिरोही, पाली व जोधपुर में पेयजल की आपूर्ति व 16 हजार हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र की पुनः स्थापना की जाएगी। रावत ने बताया कि जोधपुर एवं पाली में जल आपूर्ति के लिए, लूणी बेसिन में स्थित जवाई बांध से जोधपुर तक चरणबद्ध रूप से 3 वर्षों में 194 किलोमीटर लम्बी क्षतिग्रस्त फीडर नहर का जीर्णोद्धार कार्य 2 हजार 280 करोड़ रुपयों से करवाया जाएगा।




### सीकर में बंद मार्गों पर पुनः बस का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा: परिवहन मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। परिवहन मंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने विधानसभा में कहा कि सीकर में बस चलाने की मांग को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा बंद मार्गों पर पुनः बस का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा। परिवहन मंत्री मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से 2024 की अवधि में राजस्थान रोडवेज के सीकर डिपो द्वारा सीकर-नावां-अजमेर, सीकर-रोहतक-देहली, सीकर-लाडनूं-कोछोर-चूरू, सीकर-लाडनूं-डीडवाना तथा सीकर-फतेहपुरा-शाहपुरा-डीडवाना मार्गों पर संचालन बंद कर दिया गया। इससे पहले विधायक गोरधन के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में परिवहन मंत्री ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी सीकर के क्षेत्राधिकार में विगत पांच वर्षों यथा जुलाई 2019 से जून 2024 में कुल 71830 वाहनों के चालान बनाए गये।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा